कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/निस/247 भोपाल, दिनांक 22-2-2001

प्रति,

समस्त वन संरक्षक
समस्त वन मंडलाधिकारी
मध्यप्रदेश

विषय:- निस्तार डिपों में पड़ी निवर्तित बल्लियों के निर्वर्तन के संबंध में ।

----0----

एक निस्तार डिपों के निरीक्षण में पाया गाय कि डिपों में गत 4-5 वर्षो की बड़ी संख्या में बल्लियाँ अनिवर्तित पड़ी है, जबकि इस संबंध में स्पष्ट निर्देश है कि जून के पश्चात अनिवर्तित बल्लियों का निर्वर्तन कर दिया जाय ।

वर्षो से डिपों अनिवर्तित इन बल्लियों की क्वालिटी में गिरावट आयी है, जिसके कारण उनकी कीमत बहुत कम मिलेगी । जिससे शासन को राजस्व की हानि होगी ।

इस संबंध में सबंधी वनमंडलाधिकारी के विरूद्ध अलग से कार्यवाही की जा रही है ।

पूर्व के निर्देशों को पुनः दोहराते हुये निर्देशित किया जाता है कि आप अपने निस्तार डिपो की समीक्षा करें और गत वर्षो की अनवर्तित बल्लियों को तत्काल निर्वर्तन सुनिश्चित करें ।

हस्ता.
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
म0प्र0 भोपाल

पृ.क्र.निस/248 भोपाल, दिनांक 22-2-2001

प्रतिलिपि:-

1/ मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित । कृपया उपरोक्त निर्शेशों का पालन सुनिश्चित कराये ओर इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर मुझे प्रस्तुत करे ।

2/ समस्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित । कृपया अपने दौरे के समय उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराये ।

हस्ता.
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
म0प्र0 भोपाल